समाचार विज्ञप्ति

Alberta takes charge of its future.

अक्टूबर 30, 2023 मीडिया पूछताछ

अल्बर्टावासियों के खाते में और धन डालने, मरीजों को बेहतर सेहत सुविधा दिलाने और छात्रों को अधिक सहायता देना अल्बर्टा सरकार की प्राथमिकताएं बने रहेंगे, जैसा कि शाही भाषण में रेखांकित किया गया है।

31वीं विधायिका की पहली बैठक की शुरुआत के दिन 30 अक्टूबर को विधानसभा में पढ़े गये भाषण में 60,000 डॉलर की प्रारंभिक आय पर कर कटौती, मतदाता सहमति के बिना कर वृद्धि के खिलाफ कानून, बीमा, बिजली और ईंधन की लागत को सीमित करने, स्वास्थ्य और शिक्षाकर्मियों की संख्या बढ़ाने, और अधिक किफायती आवास के विकल्पों का जिक्र किया गया है।

"मैं इस आगामी विधायी सत्र और अगले चार वर्षों के लिए उत्साहित हूं। वसंत ऋतु में, अल्बर्टवासियों ने हमें उन मुद्दों से निपटने के लिए जनादेश दिया जो उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं। हम अपने वायदों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और यह काम गंभीरता से, आज से शुरू हो गया है।"

डेनिएल स्मिथ, प्रीमियर

"हमारा प्रांत खुद को हमारे इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर पाता है, और आने वाले महीनों और वर्षों में चुने गए विकल्पों का पीढ़ीगत प्रभाव पड़ेगा।"

लेफ्टिनेंट-गवर्नर सलमा लखानी

शाही भाषण में जून में चुनी गई सरकार के एजेंडा को रेखांकित किया गया, जिसमें यह पुष्टि भी शामिल थी कि बिल 1 पहले जनमत संग्रह के बिना कर वृद्धि पर रोक लगाने वाला कानून होगा। मुख्य आकर्षण हैं:

प्रांतीय अधिकार

प्रांत और देश के आर्थिक लाभ के लिए अल्बर्टा अपने तेल और गैस संसाधनों को विकसित करने के प्रांत के अधिकार पर संघीय घुसपैठ से संघर्ष करना जारी रखेगा। यदि आवश्यक हुआ, तो प्रांत उन कार्रवाइयों

Classification: Public

को रोकने के लिए *संयुक्त कैनेडा के तहत संप्रभुता अधिनियम* के तहत प्रस्तावों का उपयोग करेगा जो असंवैधानिक हैं और अल्बर्टा को नुकसान पहुंचाते हैं।

विकास का दबाव

2026 तक अलबर्टा की आबादी 50 लाख से अधिक हो जाएगी, यह अनुमान लगाते हुए सरकार ने बड़ी आबादी को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सड़कें, स्कूल और अन्य सुविधाएं बनाने का वायदा किया है।

वहन सामर्थ्य

अल्बर्टा सरकार अल्बर्टावासियों पर कर का बोझ कम करके और अल्बर्टावासियों के लिए आवास, ईंधन, बिजली और बीमा से संबंधित लागत को कम करने के प्रयासों पर ध्यान केंद्रित करके प्रांत में वहन सामर्थ्य संबंधी चुनौतियों का समाधान करने के लिए अपना काम जारी रखेगी।

सार्वजनिक सुरक्षा

अल्बर्टा सरकार अल्बर्टावासियों को सड़कों और समुदायों में सुरक्षित रखने में मदद करने के लिए अपना काम जारी रखेगी। इसमें अधिक पुलिस अधिकारियों की नियुक्ति का समर्थन करना और न्याय प्रणाली में सुधार लाना शामिल है। इसके अलावा, अल्बर्टा सरकार नशे की बीमारी से जूझ रहे लोगों और बिना इलाज कराये मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे लोगों की मदद करने के लिए अपना काम जारी रखेगी, जिसमें स्वास्थ्य लाभ समुदायों की स्थापना करना और जो स्वयं या अन्य लोगों के लिए खतरा पैदा करने वाले तथा जीवन-रक्षक निर्णय लेने में असमर्थ लोगों के लिए एक करूणामयी हस्तक्षेप कार्यक्रम शुरू करना शामिल है।

स्वास्थ्य सुविधाएं

अल्बर्टा सरकार स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में निर्णय लेने को विकेंद्रीकृत करने की एक योजना लाएगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अल्बर्टावासियों को जब और जहां उनकी आवश्यकता हो, सेवाएं उपलब्ध हों और रोगी की सेहत में सुधार हो।

शिक्षा

अलबर्टा की शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने से प्रांत को और अधिक जनसंख्या वृद्धि के लिए तैयार होने में मदद मिलेगी और यह कक्षाओं, कर्मचारियों और शैक्षिक विकल्पों की संख्या में वृद्धि के माध्यम से

Classification: Public

पूरा किया जाएगा। इसके अलावा, मानसिक स्वास्थ्य सहायता और करियर शिक्षा को मजबूत करने से छात्रों को सफल होने और भविष्य के लिए बेहतर तौर पर तैयार होने में मदद मिलेगी।

आर्थिक विविधीकरण

प्रांत की अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाना अल्बर्टा सरकार की प्राथमिकता बनी रहेगी। प्रांत के ऊर्जा और कृषि क्षेत्रों को विकसित करने के अलावा, सरकार निवेश आकर्षित करने और हाइड्रोजन, दुर्लभ पृथ्वी खनिज, प्रौद्योगिकी, वानिकी, पर्यटन और संस्कृति सहित नए और उभरते उद्योगों का समर्थन करने के अपने प्रयास जारी रखेगी। मूल निवासियों के साथ साझेदारी जारी रखकर और नए अल्बर्टावासियों के काम करने में आने वाली बाधाओं को दूर करके, अल्बर्टा सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि सभी प्रांत की सफलता में भाग ले सकें।

सम्बंधित जानकारी

- शाही भाषण के प्रमुख अंश
- शाही भाषण 2023

मल्टीमीडिया

- शाही भाषण देखें

मीडिया पूछताछ

सैम ब्लैकेट

780-427-2251
प्रेस सचिव